<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू के 120वें स्थापना दिवस समारोह में लिया हिस्सा। कहा– विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक मशीनों और लैब के लिए प्रदेश सरकार ने स्वीकृत किये हैं तीन सौ करोड़ रुपये।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सात दुग्ध कोल्ड स्टोरेज का किया लोकार्पण। सात हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को दिये 242 करोड़ रूपये।
- प्रदेश के सभी 75 जिलों में 13 सौ 31 परीक्षा केन्द्रों पर आज आयोजित होगी पीसीएस दो हजार चौबीस की प्रारंभिक परीक्षा।
- देश में वन क्षेत्र बढ़ाने के लिये प्रदेश को मिला दूसरा स्थान। मुख्यमंत्री ने उपलब्धि को बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रतिफल।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के 120वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने संस्थान में अत्याधुनिक मशीनों और लैब के लिए तीन सौ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसके अलावा 3 सौ 77 करोड़ रुपये से सर्जरी डिपार्टमेंट की एक नई बिल्डिंग भी स्वीकृत की है।

***प्रदेश सरकार ने आपको जो पैसा अभी तीन सौ करोड़ रूपये यहा के लिए स्वीकृत किये हैं जिसमे हाइब्रिड ओ टी, रोबोटिक सर्जरी का सिस्टम लगाने, न्यूरो नेवीगेशन सिस्टम, माइक्रो स्कोप फॉर सुपर माइक्रो सर्जरी के लिए दो कार्डियेक, कैथे लाइपेशन लैब के लिए ये सभी धनराशि आपको यहां पर उपलब्ध करवा कर ही साथ–साथ 377 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि सर्जरी पिार्टमेंट ने एक नई बिल्डिंग के लिए भी आपको डिपार्टमेंट बनाने के लिए भी इसके लिये धनराशि स्वीकृति की है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सात दुग्ध अवशीतन गृहों का लोकार्पण किया और सात हजार 405 स्वयं सहायता समूहों को 242 करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार मातृशक्ति ने अनुभव किया है कि योजनाएं उनके नाम पर भी आ सकती हैं।

***पहली बार स्वतंत्र भारत में मातृ शक्ति ने इस बात का अनुभव किया है कि योजनाएं उनके नाम पर भी आ सकती हैं और उनका लाभ सीधे उनको प्राप्त हो सकता है। चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, हर घर में बनने वाला शौचालय हो, वह स्वच्छता का प्रतीक है, नारी गरिमा का प्रतीक है। हर घर को मिलने वाला रसोई घर का सिलेन्डर हो यह भी नारी सम्मान का, नारी सशक्तिकरण का भी उनको समर्थ बनाने का अभियान है।***

**********

केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कल मिर्ज़ापुर के राजकीय पौधशाला में एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय तीन दिवसीय किसान मेला और प्रदर्शनी का उदघाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत में जब तक किसान आत्मनिर्भर नहीं हो जायेंगे तब तक विकास नहीं होगा।

***कृषि मेला का आयोजन किया गया है, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है और मुझे प्रसन्नता है कि जो हमारे जनपद के किसान हैं उसमें बढ़–चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। तीन दिन तक यह चलेगा, उसमें शासन द्वारा जितनी भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उसके बारे में हमारे किसान भाई जाने और इसका लाभ उठायें। इस उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है।***

कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय राज्य मंत्री ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति–दिसा के साथ समीक्षा बैठक की और जरूरी निर्देश दिये।

**********

महाकुम्भ 2025 दिव्य–भव्य होने के साथ ही डिजिटल भी होने जा रहा है। ऐसे में सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत महाकुम्भ मेले में एडवांस्ड एआई डेटाड्रिवन, डेटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा से लेकर अन्य इंतजामों के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। महाकुंभ मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक–एसएसपी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने और सर्विलांस के लिए एक विशिष्ट टीम का गठन***

***होगा, जो इस सिस्टम को लागू करने, प्रत्येक पुलिसकर्मियों और सुरक्षा स्टाफ को ट्रेंड करने साथ ही विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट्स के निर्धारण एवं निर्माण में मददगार साबित होगी। एसएसपी ने बताया कि इस सिस्टम से पुलिस का सर्विलांस और अधिक मजबूत हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही मेला संचालन के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जा सकेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

**********

प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल और कौशल विकास राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल प्रयागराज महाकुंभ का आमंत्रण देने के लिये आज त्रिपुरा जायेंगे। वहां वह त्रिपुरा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को इस ऐतिहासिक आयोजन की जानकारी देने के साथ ही इसमें हिस्सा लेने का औपचारिक निमंत्रण देंगे।

**********

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2024 यानी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा आज प्रदेश के 75 जिलों में कुल तेरह सौ इकतीस परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये परीक्षा को नकलविहीन कराने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट–

***उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और द्वितीय सत्र की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को अपने ओ०टी०आर० नम्बर के द्वारा प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, दो फोटो और आई०डी०प्रूफ की मूल एवं छाया प्रति लेकर प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से एक घंटा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।***

पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा को लेकर कल सभी जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और उसकी शुचिता बनाये रखने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

**********

यूपी बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षाएं 23 जनवरी से शुरु हो कर आठ फरवरी तक चलेंगी। पहले चरण में 23 से 31 जनवरी तक आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, देवीपाटन और बस्ती मंडल में परीक्षा करायी जाएगी। जबकि दूसरे चरण में एक से आठ फरवरी तक अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल के जिलों में परीक्षा होगी।

**********

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत वन स्थिति–रिपोर्ट 2023 के अनुसार उत्तर प्रदेश में वन और वृक्ष आच्छादन में 559 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है। यह रिपोर्ट कल केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जारी की। वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में उत्तर प्रदेश ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रतिफल बताया है।

**********

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कल मेरठ में पांच दिवसीय मेरठ महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर, भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मेरठ के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

**********

एसएसबी के इकसठवें स्थापना दिवस परेड के अवसर पर उन्नाव जिले के शहीद आरक्षी विजय कुमार को मरणोपरांत गैलेंट्री अवार्ड प्रदान किया गया है। यह अवार्ड उनकी पत्नी प्रतिभा कुमारी को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया।

**********